# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## मई भाग-2
## 2021

दृष्टि, 641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
फोन: 8750187501
ई-मेल: online@groupdrishti.com

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही नहीं है?

A. भारतीय संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत जेल राज्य का विषय है।

B. गृह मंत्रालय जेलों और जेल कैदियों से संबंधित मुद्दों पर राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को नियमित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिये ज़िम्मेदार है।

C. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 22 राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाये रखने के लिये व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर निवारक निरोध तथा प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है।

D. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 23 समान अवसर के आधार पर न्याय को बढ़ावा देने के लिये मुफ्त कानूनी सहायता सुनिश्चित करता है।

2. 'भक्ति आंदोलन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह आंदोलन दक्षिण भारत में 9वीं शताब्दी के आसपास शुरू हुआ था।
2. दक्षिण भारत में आंदोलन का नेतृत्व करने वाले अलवार और नयनार लिंगायत संप्रदाय से संबंधित थे।
3. शंकराचार्य 12वीं सदी के लिंगायत संत थे, जिन्हें 'भक्ति भंडारी' के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 1 और 2

C. केवल 2 और 3

D. केवल 3

3. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो पॉजिटिव-स्ट्रैंड आरएनए वायरस के कारण होती है।
2. वोल्बाचिया बैक्टीरिया का उपयोग डेंगू के प्रसार को नियंत्रित करने हेतु किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

4. 'विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूहों' (PVTGs)' के संबंध में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 1973 में ढेबर आयोग ने आदिम जनजातीय समूहों (PTGs) को एक अलग श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया।
2. सबसे अधिक PVTGs अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पाए जाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

5. 'पीएम-किसान' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके तहत केंद्र सरकार केवल छोटे और सीमांत किसानों के बैंक खातों में प्रतिवर्ष 6000 रुपए हस्तांतरित करती है।
2. यह भारत सरकार द्वारा 100 प्रतिशत वित्तपोषित एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है।
3. योजना के तहत लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान करने का समग्र दायित्त्व राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को दिया गया है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

6. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हाथी परियोजना के अंतर्गत में प्रत्येक 5 वर्षों में एक बार हाथियों की गणना की जाती है।
2. हाथी परियोजना एक केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) है।
3. भारत में हाथियों की सर्वाधिक संख्या असम में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. सामुदायिक प्रसार वह स्थिति है जिसमें महामारी के नए मामलों को पिछले 14 दिनों के दौरान किसी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के रिकॉर्ड से न जोड़ा जा सके और न ही संक्रमण के मामले किसी विशिष्ट समूह से संबंधित हों।
2. भारत ने कोविड -19 महामारी की शुरुआत के बाद से खुद को सामुदायिक प्रसार मुक्त देश के रूप में चिह्नित किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उन्नत रसायन बैटरी (ACC) विद्युत ऊर्जा को रासायनिक ऊर्जा के रूप में संग्रहीत करता है और आवश्यकता पड़ने पर इसे वापस विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित करता है।
2. उन्नत रसायन बैटरियों के निर्माण के लिये उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (PLI) योजना को शुरू नहीं किया गया है।
3. इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY) के अंतर्गत राष्ट्रीय उन्नत रसायन बैटरी भंडारण कार्यक्रम (NPACC) शुरू किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

9. वैकल्पिक निवेश कोष (AIF) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. AIF एक निजी रूप से जमा निवेश वाहन है जो परिष्कृत निवेशकों से धन एकत्र करता है।
2. AIF की परिभाषा भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) द्वारा निर्धारित की गई है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

10. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत और मंगोलिया दोनों ही शंघाई सहयोग संगठन (SCO) के सदस्य हैं।
2. भारत मंगोलिया द्वारा आयोजित खान क्वेस्ट संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में सक्रिय रूप से भाग लेता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. 'ताउते चक्रवात' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

A. ताउते नाम म्याँमार द्वारा दिया गया है।

B. इसने भारतीय राज्य गुजरात में लैंडफॉल बनाया।

C. यह फारस की खाड़ी में उत्पन्न हुआ और भारत के पश्चिमी तट की ओर बढ़ा।

D. यह पूर्व-मानसून काल में विकसित हुआ।

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किशोर न्याय अधिनियम, 2015 अनाथ बच्चों की देखभाल करने की प्रक्रिया प्रदान करता है।
2. भारत ने अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण पर हेग कन्वेंशन, 1993 की पुष्टि नहीं की है।
3. राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भारत में गोद लेने संबंधी मामलों की नोडल एजेंसी है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1 और 3

13. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. किसी राज्य की विधान परिषद के सदस्यों की संख्या राज्य विधानसभा की कुल संख्या के एक तिहाई से अधिक नहीं होगी।
2. विधान परिषद के सदस्य राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते हैं।
3. विधान परिषद के सदस्यों के चुनाव में एक विशेष निर्वाचक मंडल का प्रावधान है जिसमें स्थानीय सरकारों के मौजूदा सदस्य शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 2

D. 1, 2 और 3

14. चक्रवातों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की आँख (Eye) में साफ आसमान, गर्म तापमान और कम वायुमंडलीय दबाव का क्षेत्र होता है।
2. विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) ने चक्रवातों के नाम प्रदान करने हेतु प्रत्येक क्षेत्र के देशों के लिये दिशा-निर्देश निर्धारित किये हैं।
3. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) को उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों का नामकरण करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

15. हाल ही में समाचारों में रहा 'फरज़ाद-बी गैस फील्ड' कहाँ स्थित है?

A. अरब सागर
B. काला सागर
C. कैस्पियन सागर
D. फारस की खाड़ी

16. चुनावी बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केवल वे राजनीतिक दल ही चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के योग्य हैं जिन्होंने बीते आम चुनाव में कम-से-कम 1% मत प्राप्त किया है।
2. भारतीय स्टेट बैंक चुनावी बॉण्ड को जारी करने और भुनाने के लिये अधिकृत बैंक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यूनेस्को विश्व भर में संग्रहालय से संबंधित गतिविधियों के लिये पेशेवर और नैतिक मानकों को स्थापित करने के लिये उत्तरदायी है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद 49 राज्य को कलात्मक या ऐतिहासिक हितों की वस्तुओं की रक्षा करने का निर्देश देता है जो राष्ट्रीय महत्त्व के हैं।
3. भारतीय संग्रहालयों के लिये राष्ट्रीय पोर्टल और डिजिटल रिपोजिटरी, संग्रहालयों के संग्रह के डिजिटलीकरण हेतु संस्कृति मंत्रालय की एक पहल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

18. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों (EMRS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।
2. इसे संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत प्रदान किये गए अनुदानों द्वारा स्थापित किया गया था।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 न ही 2

19. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. MGNREGA योजना राज्य सरकारों के सहयोग से पंचायती राज मंत्रालय द्वारा कार्यान्वित की जाती है
2. इस योजना का उद्देश्य एक वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 100 दिनों के अकुशल शारीरिक श्रम का गारंटीकृत रोजगार प्रदान करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

20. अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (CCTNS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) द्वारा विकसित किया गया है।
2. यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की नेशनल ई-गवर्नेंस योजना के तहत एक मिशन मोड परियोजना है।
3. इसका उद्देश्य पुलिस के कामकाज को नागरिक हितैषी बनाना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 1 और 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

21. मंगल (Mars) ग्रह के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका अक्षीय झुकाव और घूर्णन अवधि पृथ्वी के समान है।
2. इसके दो उपग्रह हैं जिनके नाम ओलंपस मॉन्स और फोबोस है।
3. चांग ई-5 मंगल पर चीन का अंतरग्रहीय (interplanetary) मिशन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

22. अवसंरचना उप-क्षेत्रों की सुसंगत मूल सूची के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सूची वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा अधिसूचित की गई है।
2. सामाजिक और वाणिज्यिक अवसंरचना सूची में शामिल श्रेणियों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

23. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मलेरकोटला एक मुस्लिम बहुल रियासत थी जिसकी स्थापना गुरु गोबिंद सिंह ने की थी।
2. मलेरकोटला स्वतंत्रता के बाद पटियाला राज्य और पूर्वी पंजाब राज्य संघ (PEPSU) में शामिल हो गया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

24. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. नए ज़िले बनाने या मौजूदा ज़िलों की स्थिति बदलने या उन्हें समाप्त करने की शक्ति राज्य सरकारों में निहित है।
2. नए ज़िले का निर्माण केवल राज्य विधानसभा में एक कानून पारित करके किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

25. ई-वे बिल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे सोने पर छूट के साथ 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के अंतर्राज्यीय परिवहन हेतु अनिवार्य बना दिया गया है।
2. ई-वे बिल नियमों के तहत कर अधिकारियों को कर चोरी की जाँच के लिये ट्रांजिट के दौरान किसी भी समय ई-वे बिल की जाँच करने का अधिकार है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ओमान उत्तर पश्चिम में यमन और पूर्व में अरब सागर से घिरा है।
2. मुसंडम प्रायद्वीप ओमान का क्षेत्र है जो फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

27. ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अधिनियम ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को थर्ड जेंडर के रूप में घोषित किया।
2. इस अधिनियम ने ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये राष्ट्रीय परिषद की स्थापना की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

28. हाल ही में चर्चा में रहा 'A-76' शब्द संबंधित है?

A. सौर ऊर्जा से चलने वाला टू सीटर हवाई जहाज़ से
B. विश्व के सबसे बड़े हिमखंड से
C. कुइपर बेल्ट में खोजे गए एक नए क्षुद्रग्रह से
D. भारतीय आयुध निर्माणी बोर्ड द्वारा बनाई गई उन्नत पूर्ण स्वचालित पिस्तौल से

29. राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान (NISD) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सोसायटी अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक स्वायत्त निकाय है।
2. यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय का एक केंद्रीय सलाहकार निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

30. निम्नलिखित में से कौन-सेद्विपक्षीय रक्षा अभ्यास भारत और ओमान के बीच आयोजित किये जाते हैं?

1. प्रबल दोस्तक
2. ईस्टर्न ब्रिज
3. नसीम-अल-बहर
4. अभ्यास एकुवेरिन

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2 और 3

31. कांचीपुरम शहर के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह शहर कावेरी नदी के तट पर स्थित है।
2. यह शहर छठी और सातवीं शताब्दी में पल्लव वंश की राजधानी था।
3. कांचीपुरम के मंदिरों को यूनेस्को द्वारा वर्ष 2011 में विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. केवल 3

32. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:

| | आंदोलन | राज्य |
|---|---|---|
| 1. | बिशनोई आंदोलन | राजस्थान |
| 2. | अप्पिको आंदोलन | असम |
| 3. | चिपको आंदोलन | उत्तराखंड |
| 4. | जंगल बचाओ आंदोलन | पश्चिम बंगाल |

नोट :

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 4
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 4

33. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. क्यासानूर वफॉरेस्ट डिज़ीज़ (KFD) एक विषाणु जनित रोग है जो केवल जानवरों को प्रभावित करता है।
2. KFD की पहचान सबसे पहले कर्नाटक में एक बीमार बंदर में की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

34. ब्रिक्स (BRICS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ब्रिक्स में शामिल होने वाला ब्राज़ील अंतिम देश था।
2. ब्रिक्स केवल एक वार्षिक शिखर सम्मेलन के रूप में मौजूद है न कि एक संगठन के रूप में।
3. न्यू डेवलपमेंट बैंक (NDB), ब्रिक्स देशों द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

35. पोषक तत्त्व-आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें निहित पोषक तत्त्वों के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं।
2. इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

36. भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग (CCI) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत स्थापित किया गया था।
2. अध्यक्ष सहित CCI के सभी सदस्यों की नियुक्ति केंद्र सरकार द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

37. हवाना सिंड्रोम (Havana Syndrome) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वर्ष 2016 में पहली बार इस बीमारी के लक्षण क्यूबा में तैनात अमेरिकी राजनयिकों के बीच देखे गए थे।
2. निर्देशित माइक्रोवेव विकिरण (DMR) को हवाना सिंड्रोम के एक संभावित कारण के रूप में पाया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

38. 'इंडिया एनर्जी आउटलुक 2021' निम्नलिखित में से किसके द्वारा जारी की जाती है?

A. नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय
B. नीति आयोग
C. अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी
D. ऊर्जा मंत्रालय

39. निम्नलिखित में से कौन-सी समिति 'व्यक्तिगत डेटा संरक्षण' से संबंधित है?

A. सी. रंगराजन समिति
B. बिमल जालान समिति
C. भूरेलाल समिति
D. बी.एन. श्रीकृष्ण समिति

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ज़ेब्राफिश दक्षिण एशिया के इंडो-गंगा के मैदानों में मूल रूप से पाई जाती है।
2. ज़ेब्राफिश के प्रमुख अंग और ऊतक मनुष्य के समान ही होते हैं।

उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

41. प्रोटेक्टेड प्लैनेट रिपोर्ट, 2020 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP) और IUCN का एक सहयोगी प्रयास है।
2. यह पूरे विश्व में केवल आरक्षित और संरक्षित के विषय में डेटा प्रदान करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

42. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह गुजरात में कच्छ के रण के पास स्थित एशिया का सबसे बड़ा घास का मैदान है।
2. भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अनुसार इस घास के मैदान को आरक्षित वन के रूप में अधिसूचित किया गया है।
3. इस घास के मैदान को भारतीय वन्यजीव संस्थान (WII) ने भारत में चीता के अंतिम शेष आवासों में से एक के रूप में चिह्नित किया है।
4. इस घास के मैदान में मालधारी नामक एक आदिवासी चरवाहा समुदाय निवास करता है।

नोट :

उपर्युक्त कथन भारत के निम्नलिखित में से किस घास के मैदान का सबसे उपयुक्त वर्णन करते हैं?

A. शोला घास के मैदान
B. सरमती घास के मैदान
C. बन्नी घास के मैदान
D. उखरुल घास के मैदान

43. MCA 21 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय द्वारा प्रबंधित एक ऑनलाइन पोर्टल है।
2. इसने कंपनी से संबंधित सभी सूचनाओं को आम जनता के लिये सुलभ बना दिया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

44. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के पास न्यायालय के रूप में अपील सुनने का अपीलीय अधिकार क्षेत्र नहीं है।
2. NGT के लिये यह अनिवार्य है कि उसके समक्ष आने वाले पर्यावरण संबंधी मुद्दों का निपटारा 6 महीनों के भीतर हो जाए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भौगोलिक संकेत (GI) प्रमाणन का उपयोग केवल कृषि उत्पादों के लिये किया जाता है।
2. भौगोलिक संकेत का पंजीकरण 10 वर्षों की अवधि के लिये वैध होता है।
3. GI विश्व व्यापार संगठन के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधित पहलुओं (TRIPS) का एक हिस्सा है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

46. 'पैथोजन' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. जूनोटिक पैथोजन जानवरों और मनुष्यों के बीच स्वाभाविक रूप से संचरित पैथोजन को संदर्भित करता है।
2. कुष्ठ रोग और हैजा रोगजनक बैक्टीरिया द्वारा ट्रांसमिट होते हैं।
3. G20 देशों द्वारा पैथोजंस को प्रयोगशालाओं के बीच साझा करने और उनके विरुद्ध 'विश्लेषण और तैयारी' की सुविधा प्रदान करने के लिये 'बायो हब' इनिशिएटिव शुरू किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 2 और 3

नोट :

47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत की गई थी।
2. CBI संथानम समिति की सिफारिशों पर गठित एक वैधानिक निकाय है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मिनिकॉय द्वीप, लक्षद्वीप समूह के सभी द्वीपों में सबसे बड़ा है तथा नौ डिग्री चैनल के उत्तर में स्थित है।
2. लक्षद्वीप प्रवाल मूलक द्वीप हैं जो चारो ओर से फ्रिंजिंग रीफ से घिरे हुए हैं।
3. लक्षद्वीप समूह को एक जैविक कृषि क्षेत्र घोषित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

49. भारत में निम्नलिखित में से कौन-से बौद्ध स्थल यूनेस्को की विरासत स्थलों की सूची में शामिल हैं?

1. खजुराहो स्मारक
2. अजंता की गुफाएँ
3. महाबोधि विहार परिसर
4. नालंदा महाविहार

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1 और 4
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. केवल 2, 3 और 4

50. चंद्र ग्रहण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. उपच्छाया (Penumbra) पृथ्वी की छाया का वह हिस्सा है जहाँ सूर्य से आने वाला सीधा प्रकाश पृथ्वी द्वारा पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है।
2. प्रच्छाया (Umbra) वह हिस्सा है जहाँ सूर्य से आने वाला प्रकाश पूरी तरह से अवरुद्ध नहीं होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

51. राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (NPS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह योजना कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत कार्यान्वित तथा विनियमित है।
2. इस योजना में 18-65 वर्ष के आयु वर्ग में भारत का कोई भी नागरिक शामिल हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास के उपयोग पर राष्ट्रीय मिशन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस प्रस्तावित मिशन को नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (MNRE) द्वारा पूरा किया जाएगा।
2. यह खेत में पराली जलाने से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान करेगा।
3. यह ताप विद्युत उत्पादन के कार्बन फुटप्रिंट को बढ़ाने में मदद करेगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3

B. केवल 2

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

53. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (PFRDA) वित्त मंत्रालय के अंतर्गत कार्य करता है।
2. यह राष्ट्रीय पेंशन योजना (NPS) के अंतर्गत पेंशन उद्योग को बढ़ावा देता है और नियंत्रित करता है तथा अटल पेंशन योजना का संचालन करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और 2 न ही

54. वन गुज्जरों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये जंगल में रहने वाले खानाबदोश समुदाय हैं जो केवल उत्तराखंड राज्य में पाए जाते हैं।
2. ये उत्तराखंड के तराई-भाबर और शिवालिक क्षेत्र से पश्चिमी हिमालय के ऊँचे बुग्यालों में मौसमी प्रवास करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न तो 2

55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. 'भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण' एक सांविधिक निकाय है।
2. IRDAI का गठन मल्होत्रा समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों पर किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न तो 2

नोट :

56. 'मुद्रा विनियम सुविधा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह पूर्व निर्धारित शर्तों के साथ मुद्राओं का आदान-प्रदान करने का एक समझौता है।
2. विनियम सुविधा में विनिमय दर या अन्य बाज़ार जोखिम भी शामिल होते हैं।
3. हाल ही में बांग्लादेश और श्रीलंका ने मुद्रा विनिमय समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 2 और 3
B. केवल 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

57. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भुगतान संतुलन में केवल चालू खाते और पूंजी खाते के अंतर्गत किये गए लेन-देन शामिल हैं।
2. चालू खाता दृश्य वस्तुओं (जिसे व्यापारिक माल भी कहा जाता है, जो व्यापार संतुलन का प्रतिनिधित्व करता है) और अदृश्य वस्तुओं (जिसे गैर-व्यापारिक भी कहा जाता है) के निर्यात और आयात को दर्शाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

58. हाल ही में चर्चा में रहा 'आयुष 64' पद संबंधित है:

A. रोगियों में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाने के लिये योगाभ्यास के एक समुच्चय से।
B. पॉली-हर्बल फॉर्मूलेशन से जिसका उपयोग कोविड -19 संक्रमण के उपचार में किया जाता है।
C. कैंसर के उपचार की यूनानी दवा से।
D. तनाव से संबंधित समस्याओं को कम करने के लिये आयुर्वेदिक उपचार से।

59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बेगम सुल्तान जहाँ भोपाल की पहली और एकमात्र महिला शासक थीं।
2. दर्स-ए-हयात नामक पुस्तक युवा लड़कियों की शिक्षा और पालन-पोषण के बारे में बेगम सुल्तान जहाँ द्वारा लिखी गई पुस्तक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

60. कृष्णमृग (Black Buck) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस पशु का मूल निवास स्थान भारत और नेपाल है।
2. इसे पंजाब का राज्य पशु घोषित किया गया है।
3. इसे IUCN रेड लिस्ट में लुप्तप्राय के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

नोट :

## व्याख्या भाग-2

1.

उत्तर: D

व्याख्या:

- 'कारागार/इसमें रखा गया व्यक्ति' भारत के संविधान की सातवीं अनुसूची की सूची II की प्रविष्टि 4 के तहत राज्य सूची का विषय है।
    - जेलों का प्रशासन और प्रबंधन संबंधित राज्य सरकारों की ज़िम्मेदारी होती है।
    - हालाँकि गृह मंत्रालय जेलों और कैदियों से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नियमित मार्गदर्शन तथा सलाह देता है।
- अनुच्छेद 39A: संविधान का अनुच्छेद 39A (न कि अनुच्छेद 23) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों का हिस्सा है, जिसके अनुसार किसी भी नागरिक को आर्थिक या अन्य अक्षमताओं के कारण न्याय पाने से वंचित नहीं किया जाना चाहिये और राज्य मुफ्त कानूनी सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करेगा।
    - मुफ्त कानूनी सहायता या मुफ्त कानूनी सेवा का अधिकार संविधान द्वारा गारंटीकृत एक आवश्यक मौलिक अधिकार है।
    - संविधान का अनुच्छेद 23 शोषण के विरुद्ध मौलिक अधिकार प्रदान करता है।
- संविधान का अनुच्छेद 22 (3) (बी) राज्य की सुरक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिये व्यक्तिगत स्वतंत्रता पर निवारक निरोध तथा प्रतिबंध लगाने की अनुमति देता है।
    - इसके अलावा अनुच्छेद 22 (4) में कहा गया है कि निवारक निरोध के तहत हिरासत में लिये जाने का प्रावधान करने वाले किसी भी कानून के तहत किसी भी व्यक्ति को तीन महीने से अधिक समय तक हिरासत में रखने का अधिकार नहीं दिया जाएगा। अतः विकल्प D सही उत्तर है।

2.

उत्तर: A

व्याख्या:

- भक्ति आंदोलन तमिल क्षेत्र में शुरू हुआ और इसने विष्णु के भक्त- अलवार (न कि लिंगायत संप्रदाय) तथा शिव के भक्त- नयनार की कविताओं के माध्यम से काफी लोकप्रियता हासिल की। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - ये संत धर्म को एक औपचारिक पूजा के रूप में नहीं देखते थे बल्कि वे पूजा करने वाले व्यक्ति और भगवान के बीच प्रेम पर आधारित एक प्रेम बंधन के रूप में देखते थे।
- भक्ति आंदोलन मूल रूप से 9वीं शताब्दी में दक्षिण भारत में शंकराचार्य के साथ शुरू हुआ और भारत के विभिन्न हिस्सों में फैला तथा 16वीं शताब्दी तक कबीर, नानक और श्री चैतन्य के साथ एक महान आध्यात्मिक शक्ति के रूप में उभरा। **अतः कथन 1 सही है।**
- जगद्गुरु बसवेश्वर (न कि शंकराचार्य) 12वीं सदी के एक महान भारतीय दार्शनिक, राजनेता और समाज सुधारक थे।
    - वह शिव-केंद्रित भक्ति आंदोलन में 'लिंगायत संत' और कल्याणी चालुक्य/कलचुरी वंश के शासनकाल के दौरान हिंदू शैव समाज सुधारक थे।
        - लिंगायत भारत में एक हिंदू संप्रदाय है, जो शिव को एकमात्र देवता के रूप में पूजता है। दक्षिण भारत में लिंगायत समुदाय का विशेष प्रभाव दिखाई पड़ता है।
    - उन्हें 'भक्ति भंडारी' (शाब्दिक रूप से 'भक्ति के कोषाध्यक्ष') या बसवेश्वर (भगवान बसव) के रूप में भी जाना जाता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

**नोट :**

3.

उत्तर: C

व्याख्या:

- डेंगू एक मच्छर जनित उष्णकटिबंधीय बीमारी है जो डेंगू वायरस (जीनस फ्लेवीवायरस) के कारण होती है, इसका प्रसार मच्छरों की कई जीनस एडीज (Genus Aedes) प्रजातियों मुख्य रूप से एडीज़ इजिप्टी (Aedes aegypti) द्वारा होता है।
  - फ्लेवीवायरस पॉजिटिव-स्ट्रैंड आरएनए वायरस का एक जीनस है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - यह मच्छर चिकनगुनिया (Chikungunya), पीला बुखार (Yellow Fever) और जीका संक्रमण (Zika Infection) का भी वाहक है।
- हाल ही में वर्ल्ड मॉस्किटो प्रोग्राम (World Mosquito Program) के शोधकर्त्ताओं ने इंडोनेशिया में डेंगू को सफलतापूर्वक नियंत्रित करने हेतु वोल्बाचिया बैक्टीरिया (Wolbachia Bacteria) से संक्रमित मच्छरों का इस्तेमाल किया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - वैज्ञानिकों ने कुछ मच्छरों को वोल्बाचिया बैक्टीरिया से संक्रमित कर उन्हें शहर में छोड़ दिया, जहाँ उन्होंने स्थानीय मच्छरों के साथ तब तक प्रजनन किया, जब तक कि क्षेत्र के लगभग सभी मच्छरों के शरीर में वोल्बाचिया बैक्टीरिया प्रविष्ट नहीं हो गया। इसे जनसंख्या प्रतिस्थापन रणनीति (Population Replacement Strategy) कहा जाता है।

4.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वर्ष 1973 में ढेबर आयोग (Dhebar Commission ) ने आदिम जनजातीय समूहों (Primitive Tribal Groups-PTGs) को एक अलग श्रेणी के रूप में वर्गीकृत किया , जो कि जनजातीय समूहों के मध्य कम विकसित होते हैं। वर्ष 2006 में भारत सरकार द्वारा PTGs का नाम परिवर्तित कर PVTGs कर दिया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
  - वर्ष 1975 में भारत सरकार द्वारा PVTGs नामक एक अलग श्रेणी के रूप में सबसे कमज़ोर आदिवासी समूहों की पहचान की गई जिसमें ऐसे 52 समूहों को शामिल किया गया। वर्ष 1993 में इस श्रेणी में 23 और ऐसे अतिरिक्त समूहों को शामिल किया गया जिसमें 705 जनजातियों में से 75 को विशेष रूप से सुभेद्य जनजातीय समूह (PVTG's) में शामिल किया गया।
  - 75 सूचीबद्ध PVTG's में से सबसे अधिक संख्या ओडिशा में पाई जाती है।
    - ओडिशा की 13 विशेष रूप से कमज़ोर जनजातियों में बोंडा (Bonda), बिरहोर (Birhor), चुक्तिया भुंजिया (Chuktia Bhunjia), दीदई (Didayi) , डोंगरिया कोंध (Dungaria Kandha), हिल खरिया (Hill Kharia), जुआंग (Juang), कुटिया कोंध (Kutia Kondh), लांजिया सोरा (Lanjia Saora), लोढ़ा (Lodha), मनकीडिया (Mankirdia), पाउड़ी भुइयां (Paudi Bhuyan) और सौरा (Saora) शामिल हैं।
    - अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के PVTGs में ग्रेट अंडमानी, ज़रवा, ओंगेस, सेंटिनली और शोर्न पेन शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

5.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' (पीएम-किसान) के तहत वित्तीय लाभ की 8वीं किस्त जारी की है।
- इस योजना के तहत, केंद्र सरकार द्वारा प्रतिवर्ष तीन समान किस्तों में 6,000 रुपए की राशि सीधे सभी भूमिधारक किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाती है, भले ही उनकी जोत का आकार कुछ भी हो।
  - इसे फरवरी 2019 में लॉन्च किया गया था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- यह योजना, भारत सरकार से 100 प्रतिशत वित्तपोषित एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसे कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है।
- लाभार्थी किसान परिवारों की पहचान करने का समग्र दायित्त्व राज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को दिया गया है। अत: कथन 3 सही है।

**नोट :**

6.

उत्तर: A

व्याख्या:

- हाथी परियोजना को वर्ष 1992 में जंगली एशियाई हाथियों की मुक्त आबादी के लिये राज्यों द्वारा वन्यजीव प्रबंधन प्रयासों को वित्तीय और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिये शुरू किया गया था। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना (CSS) है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - उद्देश्य:
        - हाथियों के साथ-साथ उनके आवास और गलियारों की रक्षा करना।
        - मानव-वन्यजीव संघर्ष के मुद्दों की पहचान करना ।
        - बंदीगृहों में कैद हाथियों का मुक्त करना।
- हाथी परियोजना के अंतर्गत में प्रत्येक 5 वर्षों में एक बार हाथियों की गणना की जाती है। पिछली बार हाथियों की गणना वर्ष 2017 में हुई थी। अत: कथन 1 सही है।
    - हाथी जनगणना 2017 के अनुसार, भारत में एशियाई हाथियों की कुल संख्या 27,312 है।
    - यह संख्या वर्ष 2012 में हुए पिछले जनगणना अनुमान (29,391 और 30,711 के बीच) से कम है।
    - कर्नाटक में हाथियों की संख्या सर्वाधिक (6049) है, इसके बाद असम ( 5719) और केरल (5706) हैं। अत: कथन 3 सही नहीं है।
        - अकेले कर्नाटक राज्य में 22% हाथियों की आबादी पाई जाती है।
        - भारत के दक्षिण भारतीय राज्यों (कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु) में लगभग 44% हाथियों की आबादी पाई जाती है।
- भारत में लगभग 32 एलिफेंट रिज़र्व हैं। भारत का पहला एलिफेंट रिज़र्व झारखंड का सिंहभूम एलिफेंट रिज़र्व था।

7.

उत्तर: C

व्याख्या:

- CT महामारी के चरणों में से एक है।
    - मोटे तौर पर, सामुदायिक प्रसार की स्थिति तब मानी जाती है जब महामारी के नए मामलों को पिछले 14 दिनों के दौरान किसी अंतर्राष्ट्रीय यात्रा के रिकॉर्ड से न जोड़ा जा सके और न ही संक्रमण के मामले किसी विशिष्ट समूह से संबंधित हों। **अत: कथन 1 सही है।**
    - CT के वर्गीकरण को चार चरणों में विभाजित किया जाता है, जिसमें निम्न स्तर से लेकर उच्च स्तर तक प्रसारण शामिल होता है।
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (World Health Organisation- WHO) की एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, कोविड -19 महामारी की शुरुआत के बाद से अब तक भारत ने स्वयं को बिना किसी सामुदायिक प्रसार (Community Transmission-CT) वाले देश के रूप में चिह्नित करना जारी रखा है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - अमेरिका, ब्राज़ील, यूनाइटेड किंगडम, फ्राँस जैसे देशों ने स्वयं को 'सामुदायिक प्रसार' चरण में होने के रूप में चिह्नित किया है, जबकि इटली और रूस ने स्वयं को 'सामुदायिक प्रसार/संचरण' वाले देश के रूप चिह्नित नहीं किया है।

8.

उत्तर: B

व्याख्या:

- यह प्रौद्योगिकी की नई पीढ़ी है जो विद्युत ऊर्जा को विद्युत अथवा रासायनिक ऊर्जा के रूप में संग्रहीत कर सकती हैं और आवश्यकता पड़ने पर इसे पुन: विद्युत ऊर्जा में परिवर्तित कर सकती है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - इस तरह की बैटरी का इस्तेमाल इलेक्ट्रिक वाहनों के साथ-साथ उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग और बिजली ग्रिड में हो सकेगा।

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उन्नत रसायन बैटरी (Advanced Chemistry Cell) के आयात को कम करने के लिये इसके निर्माताओं हेतु 18,100 करोड़ रुपए की उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन (Production Linked Incentive) योजना को मंज़ूरी दी है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इस योजना को ऑटोमोबाइल, फार्मास्यूटिकल्स, आईटी हार्डवेयर जैसे-लैपटॉप, मोबाइल फोन और दूरसंचार उपकरण, रासायनिक बैटरी आदि क्षेत्रों के लिये भी मंज़ूरी दी गई है।
- इस योजना को राष्ट्रीय उन्नत रसायन बैटरी भंडारण कार्यक्रम (National Programme on Advanced Chemistry Cell Battery Storage) के नाम से जाना जाता है। यह योजना भारी उद्योग और सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय (Ministry of Heavy Industries & Public Enterprises) के अधीन है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - इस कार्यक्रम के तहत लगभग 45,000 करोड़ रुपए के निवेश को आकर्षित करके देश में 50 गीगावॉट ऑवर्स की एसीसी निर्माण क्षमता स्थापित करने की योजना है।
  - प्रत्येक चयनित ACC बैटरी स्टोरेज निर्माता को न्यूनतम 5 GWh क्षमता की ACC निर्माण सुविधा स्थापित करने, 25% का घरेलू मूल्यवर्द्धन (Domestic Value Addition) प्राप्त करने और 2 वर्षों के भीतर 225 करोड़ रुपए/GWh का अनिवार्य निवेश करने की आवश्यकता होती है।

9.

उत्तर: A

व्याख्या:

- AIF का अर्थ भारत में स्थापित या निगमित कोई भी फंड है जो एक निजी रूप से जमा निवेश वाहन है जो अपने निवेशकों के लाभ के लिये एक परिभाषित निवेश नीति के अनुसार निवेश करने के लिये परिष्कृत निवेशकों, चाहे भारतीय हो या विदेशी, से धन एकत्र करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (Securities and Exchange Board of India- SEBI) विनियम (AIF), 2012 के विनियम 2(1)(बी) में AIF की परिभाषा निर्धारित की गई है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - एक कंपनी या एक सीमित देयता भागीदारी (Limited Liability Partnership- LLP) के माध्यम से एक वैकल्पिक निवेश कोष स्थापित किया जा सकता है।

10.

उत्तर: B

व्याख्या:

- शंघाई सहयोग संगठन (Shanghai Cooperation Organisation- SCO) का भारत एक सदस्य देश है, जबकि मंगोलिया एक पर्यवेक्षक देश है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अन्य फोरम जिनमें दोनों देश सदस्य हैं: एशिया-यूरोप मीटिंग (Asia-Europe Meeting- ASEM) और विश्व व्यापार संगठन (World Trade Organisation- WTO) आदि।
- रक्षा सहयोग:
  - दोनों देशों के बीच 'नोमाडिक एलीफैंट' (Nomadic Elephant) नाम से संयुक्त अभ्यास का आयोजन किया जाता है।
  - भारत मंगोलिया द्वारा आयोजित खान क्वेस्ट नामक एक वार्षिक साप्ताहिक संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास में भी सक्रिय भागीदार है। **अतः कथन 2 सही है।**

11.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ताउते एक उष्णकटिबंधीय चक्रवात (Tropical Cyclone) है, जिसका नाम म्याँमार द्वारा रखा गया है। बर्मीज़ भाषा में इसका अर्थ है 'गेको', एक अत्यधिक शोर करने वाली छिपकली (Highly Vocal Lizard)।

- चक्रवात ताउते (Cyclone Tauktae) के कारण गुजरात में लैंडफॉल' (LandFall) की स्थिति देखी गई है।
  - केरल, कर्नाटक, गोवा और महाराष्ट्र राज्यों के तटीय क्षेत्रों से गुज़रते हुए इस चक्रवात ने वहाँ भारी तबाही मचाई है।
  - ताउते पूर्व-मानसून अवधि (अप्रैल से जून) में अरब सागर में (न कि फारस की खाड़ी) विकसित होने वाला लगातार वर्षों में चौथा चक्रवात है। **अतः विकल्प C सही है।**

12.

उत्तर: B

व्याख्या:

- किशोर न्याय अधिनियम (Juvenile Justice Act), 2015 निर्धारित प्रक्रियाओं के बाहर बच्चों को गोद देने या प्राप्त करने पर रोक लगाता है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यदि किसी को ऐसे बच्चे के विषय में जानकारी है जिसे देखभाल की आवश्यकता है, तो उसे चार एजेंसियों यथा- चाइल्ड लाइन 1098, ज़िला बाल कल्याण समिति (CWC), ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी (DCPO) और राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की हेल्पलाइन में से किसी एक पर संपर्क करना चाहिये।
    - इसके बाद सीडब्ल्यूसी बच्चे का आकलन करेगी और उसे तत्काल एक विशेष दत्तक ग्रहण एजेंसी (Specialised Adoption Agency) की देखभाल में रखेगी।
    - इस प्रकार राज्य ऐसे सभी बच्चों की देखभाल करता है जिन्हें 18 वर्ष की आयु तक देखभाल और संरक्षण की आवश्यकता होती है।
- एक बार जब सीडब्ल्यूसी द्वारा बच्चे को गोद लेने के लिये कानूनी रूप से वैध घोषित कर दिया जाता है, तब उसे भारतीय भावी दत्तक माता-पिता या अनिवासी भारतीय या विदेशियों द्वारा गोद लिया जा सकता है।
  - भारत ने अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण पर हेग कन्वेंशन (Hague Convention on Intercountry Adoption), 1993 की पुष्टि की है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (Central Adoption Resource Authority), महिला और बाल विकास मंत्रालय का एक सांविधिक निकाय है, जो गोद लेने संबंधी मामलों की नोडल एजेंसी है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यह अनाथ बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया का अपनी संबद्ध या मान्यता प्राप्त एजेंसियों के माध्यम से विनियमन करता है।

13.

उत्तर: D

व्याख्या:

- संविधान के अनुच्छेद 171 के तहत, किसी राज्य की विधान परिषद में राज्य विधानसभा की कुल संख्या के एक तिहाई से अधिक और 40 से कम सदस्य नहीं होंगे। **अतः कथन 1 सही है।**
  - राज्य सभा के समान विधान परिषद एक सतत् सदन है, अर्थात् यह एक स्थायी निकाय है जिसका विघटन नहीं होता। विधान परिषद के एक सदस्य (Member of Legislative Council- MLC) का कार्यकाल छह वर्ष का होता है, जिसमें एक तिहाई सदस्य हर दो वर्ष में सेवानिवृत्त होते हैं।
- निर्वाचन पद्धति:
  - एक तिहाई MLC राज्य के विधायकों द्वारा चुने जाते हैं,
  - इसके अलावा 1/3 सदस्य स्थानीय निकायों जैसे- नगरपालिका और ज़िला बोर्डों आदि द्वारा चुने जाते हैं,
  - 1/12 सदस्यों का निर्वाचन 3 वर्ष से अध्यापन कर रहे लोग चुनते हैं तथा 1/12 सदस्यों को राज्य में रह रहे 3 वर्ष से स्नातक निर्वाचित करते हैं।
  - शेष सदस्यों का नामांकन राज्यपाल द्वारा उन लोगों के बीच से किया जाता है जिन्हें साहित्य, ज्ञान, कला, सहकारिता आंदोलन और समाज सेवा का विशेष ज्ञान तथा व्यावहारिक अनुभव हो। **अतः कथन 3 सही है।**

नोट :

- परिषदों की विधायी शक्ति सीमित है। राज्यसभा के विपरीत, जिसके पास गैर-वित्तीय विधान को आकार देने की पर्याप्त शक्तियाँ हैं, विधान परिषदों के पास ऐसा करने के लिये संवैधानिक जनादेश नहीं है।
- विधानसभाएँ, परिषद द्वारा कानून में किये गए सुझावों/संशोधनों को रद्द कर सकती हैं।
- इसके अलावा राज्यसभा सांसदों के विपरीत, MLCs, राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव में मतदान नहीं कर सकते। उपराष्ट्रपति राज्यसभा का सभापति होता है जबकि परिषद का अध्यक्ष परिषद के किसी एक सदस्य को ही चुना जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**

14.

उत्तर: D

व्याख्या:

- उष्णकटिबंधीय चक्रवात एक तीव्र गोलाकार तूफान है जो गर्म उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होता है और कम वायुमंडलीय दबाव, तेज़ हवाएँ और भारी बारिश इसकी विशेषताएँ है।
    - उष्णकटिबंधीय चक्रवातों की विशिष्ट विशेषताओं में एक चक्रवातों की आंख (Eye) में साफ आसमान, गर्म तापमान और कम वायुमंडलीय दबाव का क्षेत्र होता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- विश्व मौसम विज्ञान संगठन (World Meteorological Organization- WMO) के दिशा-निर्देशों के अनुसार, हर क्षेत्र के देश चक्रवातों को नाम देते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department- IMD), विश्व के छह क्षेत्रीय विशिष्ट मौसम विज्ञान केंद्रों (Regional Specialised Meteorological Centres- RSMC) में से एक है, जिसे सलाह जारी करने और उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र में उष्णकटिबंधीय चक्रवातों के नाम रखने का अधिकार है।
    - यह पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की एक एजेंसी है। **अतः कथन 3 सही है।**
    - उत्तरी हिंद महासागर क्षेत्र बंगाल की खाड़ी और अरब सागर के ऊपर बने उष्णकटिबंधीय चक्रवातों को कवर करता है।
        - इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 13 सदस्य बांग्लादेश, भारत, मालदीव, म्याँमार, ओमान, पाकिस्तान, श्रीलंका, थाईलैंड, ईरान, कतर, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात और यमन हैं।

15.

उत्तर: D

व्याख्या :

- हाल ही में ईरान ने फरज़ाद-बी गैस फील्ड (Farzad-B Gas Field) के विकास हेतु एक घरेलू गैस उत्पादक कंपनी पेट्रोपार्स (Petropars) को सौप दिया।
- फरज़ाद-बी गैस फील्ड फारस की खाड़ी (ईरान) में स्थित है। **अतः विकल्प D सही है।**
- वर्ष 2002 में इस क्षेत्र की खोज के लिये ओएनजीसी विदेश, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन और ऑयल इंडिया के भारतीय संघ द्वारा एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किया गया था।
- गैस क्षेत्र की खोज के आधार पर इस क्षेत्र की व्यावसायिकता की घोषणा के पश्चात् वर्ष 2009 में अनुबंध समाप्त हो गया।
- जनवरी 2020 में भारत को यह जानकारी दी गई कि निकट भविष्य में ईरान स्वयं इस क्षेत्र का विकास करेगा और बाद के कुछ चरणों में भारत को उचित रूप से शामिल करना चाहेगा।

16.

उत्तर: C

व्याख्या:

- चुनावी बॉण्ड राजनीतिक दलों को दान देने हेतु एक वित्तीय साधन है।
    - चुनावी बॉण्ड बिना किसी अधिकतम सीमा के 1,000 रुपए, 10,000 रुपए, 1 लाख रुपए, 10 लाख रुपए और 1 करोड़ रुपए के गुणकों में जारी किये जाते हैं।

- भारतीय स्टेट बैंक इन बॉण्डों को जारी करने और भुनाने (Encash) के लिये अधिकृत बैंक है, ये बॉण्ड जारी करने की तारीख से पंद्रह दिनों तक वैध रहते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह बॉण्ड एक पंजीकृत राजनीतिक पार्टी के निर्दिष्ट खाते में प्रतिदेय होता है।
    - केवल वे राजनीतिक दल ही चुनावी बॉण्ड प्राप्त करने के योग्य हैं जो जन-प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29(A) के तहत पंजीकृत हैं और जिन्होंने बीते आम चुनाव में कम-से-कम 1% मत प्राप्त किया है। **अत: कथन 1 सही है।**

17.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय परिषद (ICOM) एक सदस्यता संघ और एक गैर-सरकारी संगठन है जो संग्रहालय संबंधी गतिविधियों के लिये पेशेवर एवं नैतिक मानक स्थापित करता है। संग्रहालय क्षेत्र में यह एकमात्र वैश्विक संगठन है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
    - इसकी स्थापना वर्ष 1946 में की गई थी और इसका मुख्यालय पेरिस, फ्राँस में है।
    - यह संग्रहालय पेशेवरों (138 से अधिक देशों में 40,000 से अधिक सदस्य) के एक नेटवर्क के रूप में कार्य करता है।
    - ICOM की रेड लिस्ट (खतरे में रहने वाले सांस्कृतिक वस्तुओं से संबंधी), सांस्कृतिक वस्तुओं के अवैध यातायात को रोकने के लिये व्यावहारिक उपकरण है।
        - रेड लिस्ट सांस्कृतिक वस्तुओं की उन श्रेणियों को प्रस्तुत करती है जिनके चोरी होने या किसी अन्य खतरे का डर रहता है।
- विभिन्न संग्रहालयों का प्रभार अलग-अलग मंत्रालयों के पास है अर्थात् सभी संग्रहालय केवल संस्कृति मंत्रालय द्वारा प्रशासित नहीं हैं।
    - कुछ संग्रहालयों को ट्रस्टी बोर्ड के तहत मुट्ठी भर लोगों द्वारा सरकारी समर्थन के बिना प्रशासित किया जाता है।
    - नीति निदेशक तत्त्वों (DPSP) का अनुच्छेद 49 में राष्ट्रीय महत्त्व के रूप में घोषित कलात्मक या ऐतिहासिक स्मारकों, स्थानों और वस्तुओं की रक्षा करने का प्रावधान है। **अत: कथन 2 सही है।**
- संस्कृति मंत्रालय नए संग्रहालयों की स्थापना के लिये सोसायटी अधिनियम के तहत पंजीकृत राज्य सरकारों और समितियों, स्वायत्त निकायों, स्थानीय निकायों तथा ट्रस्टों को इस योजना के तहत वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
    - भारतीय संग्रहालयों के लिये राष्ट्रीय पोर्टल और डिजिटल रिपोजिटरी (संस्कृति मंत्रालय के तहत) को संग्रहालयों के संग्रह के डिजिटलीकरण के लिये शुरू किया गया है। **अत: कथन 3 सही है।**

18.

उत्तर: C

व्याख्या:

- एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (Eklavya Model Residential School) की शुरुआत वर्ष 1997-98 में दूरस्थ क्षेत्रों में अनुसूचित जनजाति के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिये की गई थी। **अत: कथन 1 सही है।**
- ये स्कूल न केवल अकादमिक शिक्षा पर बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित करते हैं।
- इसके अंतर्गत न केवल उन्हें उच्च एवं पेशेवर शैक्षिक पाठ्यक्रमों के माध्यम से सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों में रोज़गार हेतु सक्षम बनाने पर बल दिया जा रहा है, बल्कि गैर-अनुसूचित जनजाति की आबादी के समान शिक्षा के सर्वोत्तम अवसरों तक उनकी पहुँच सुनिश्चित करने के भी प्रयास किये जा रहे हैं।
- राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में 480 छात्रों की क्षमता वाले EMRS की स्थापना भारतीय संविधान के अनुच्छेद-275 (1) के अंतर्गत अनुदान द्वारा विशेष क्षेत्र कार्यक्रम (Special Area Programme- SAP) के तहत की जा रही है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इनका वित्तपोषण जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा किया जाता है।
    - इसको गति देने के लिये यह निर्णय लिया गया है कि वर्ष 2022 तक 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय आबादी वाले प्रत्येक ब्लॉक तथा कम-से-कम 20,000 जनजातीय जनसंख्या वाले प्रखंडों में एक ईएमआरएस होगा।

- एकलव्य विद्यालय लगभग नवोदय विद्यालय के समान होते हैं, जहाँ खेल तथा कौशल विकास में प्रशिक्षण प्रदान करने के अलावा स्थानीय कला एवं संस्कृति के संरक्षण के लिये विशेष सुविधाएँ उपलब्ध होती हैं।

19.

उत्तर: B

व्याख्या :

- महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA), 2005 को एक सामाजिक उपाय के रूप में प्रदर्शित किया गया था जो "रोज़गार के अधिकार" की गारंटी देती है। इस योजना के संपूर्ण कार्यान्वयन की निगरानी ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा राज्य सरकारों के सहयोग से किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- प्रमुख उद्देश्य:
  - मनरेगा कार्यक्रम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक परिवार के अकुशल श्रम करने के इच्छुक वयस्क सदस्यों के लिये एक वित्तीय वर्ष में कम-से-कम 100 दिन का गारंटीयुक्त रोज़गार प्रदान किया जाता है जिसके परिणामस्वरूप निर्धारित गुणवत्ता और स्थायित्व की उत्पादक संपत्ति का निर्माण होता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - मनरेगा की संपत्तियों में प्रमुख रूप से खेत, तालाब, रिसाव टैंक, चेक डैम, सड़क की मरम्मत, सिंचाई प्रणाली आदि शामिल हैं।
  - इसमें शामिल ग्राम पंचायतों द्वारा मनरेगा के तहत कार्यों की प्रकृति को मंज़ूरी देकर उनकी प्राथमिकता तय की जाती है।
  - मनरेगा के तहत किये गए कार्यों का सामाजिक-लेखांकन (Social Audit) अनिवार्य है, जिसके परिणामस्वरूप जवाबदेही और पारदर्शिता में विस्तार होता है।

20.

उत्तर: C

व्याख्या:

- अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम (Crime and Criminal Tracking Network and Systems-CCTNS) एक केंद्रीय वित्तपोषित योजना है, जिसे राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (National Crime Records Bureau) द्वारा विकसित किया गया है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह गृह मंत्रालय के नेशनल ई-गवर्नेंस प्लान (National e-Governance Plan) के तहत स्थापित एक मिशन मोड प्रोजेक्ट है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - इसे वर्ष 2009 में मंज़ूरी दी गई थी।
  - यह एक सुरक्षित एप्लीकेशन है जो देश के 97% से अधिक पुलिस स्टेशनों को जोड़ता है।
- उद्देश्य:
  - पुलिस थानों के कामकाज को पारदर्शी करके पुलिस के कामकाज को नागरिक हितैषी और अधिक पारदर्शी बनाना। **अतः कथन 3 सही है।**
  - आईसीटी के प्रभावी उपयोग के माध्यम से नागरिक केंद्रित सेवाओं के वितरण में सुधार लाना।
  - अपराध और अपराधियों की सटीक एवं तीव्र जाँच के लिये जाँच अधिकारियों को अद्यतित उपकरण, तकनीक और जानकारियाँ प्रदान करना।

21.

उत्तर: C

व्याख्या:

- मंगल, सूर्य से चौथे स्थान पर स्थित ग्रह है और सौरमंडल का दूसरा सबसे छोटा ग्रह है।
  - मंगल, पृथ्वी के व्यास या आकार का लगभग आधा है।

**नोट :**

- पृथ्वी से समानता (कक्षा और घूर्णन):
  - मंगल सूर्य की परिक्रमा करता है, यह 24.6 घंटे में एक चक्कर पूरा करता है, जो कि पृथ्वी पर एक दिन (23.9 घंटे) के समान है।
  - मंगल का अक्षीय झुकाव 25 डिग्री है। यह पृथ्वी के लगभग समान है, जो कि 23.4 डिग्री के अक्षीय झुकाव पर स्थित है। अत: कथन 1 सही है।
  - पृथ्वी की तरह मंगल ग्रह पर भी अलग-अलग मौसम पाए जाते हैं, लेकिन वे पृथ्वी के मौसम की तुलना में लंबी अवधि के होते हैं क्योंकि सूर्य की परिक्रमा करने में मंगल अधिक समय लेता है।
  - मंगल ग्रह के दिनों को सोल (sols) कहा जाता है, जो 'सौर दिवस' का लघु रूप है।
- मंगल के दो छोटे उपग्रह हैं- फोबोस और डीमोस। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - मंगल ग्रह पर सौरमंडल का सबसे बड़ा ज्वालामुखी स्थित है, जिसे ओलंपस मॉन्स (Olympus Mons) कहते हैं।
- हाल ही में चीनी अंतरिक्षयान तियानवेन-1 ( Tianwen-1) ने प्रथम मार्स रोवर ज़्यूरोंग (Zhurong) के साथ मंगल की सतह पर सफलतापूर्वक लैंड किया। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
  - चीन के अन्य अंतरिक्ष कार्यक्रम:
    - चांग ई-5 (Chang'e-5) : चंद्रमा (Moon)
    - तियानहे (Tianhe) : चीन का स्थायी अंतरिक्ष स्टेशन

22.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अवसंरचना उप-क्षेत्रों की सुसंगत मूल सूची को वित्त मंत्रालय द्वारा अधिसूचित किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- इसमें निम्नलिखित श्रेणियाँ शामिल हैं:
  - परिवहन और संचालन: सड़कें और पुल, अंतर्देशीय जलमार्ग, हवाई अड्डा, आदि।
  - ऊर्जा: विद्युत उत्पादन, विद्युत संचरण, आदि।
  - जल और स्वच्छता: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, जल उपचार संयंत्र, आदि।
  - संचार: दूरसंचार आदि।
- सामाजिक और वाणिज्यिक अवसंरचना: शिक्षा संस्थान (शेयर पूंजी), खेल अवसंरचना, अस्पताल (शेयर पूंजी), पर्यटन अवसंरचना, आदि। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में वित्त मंत्रालय द्वारा एक्जीबिशन/प्रदर्शनी स्थलों और कन्वेंशन/सम्मेलन केंद्रों (Convention Centres) को 'बुनियादी ढाँचे' का दर्जा दिया गया है।
  - एक्जीबिशन-कम-कन्वेंशन सेंटर/प्रदर्शनी-सह-सम्मेलन केंद्र को एक नई वस्तु के रूप में सामाजिक और वाणिज्यिक अवसंरचना (Social and Commercial Infrastructure) की श्रेणी में इन्फ्रास्ट्रक्चर उप-क्षेत्रों (Infrastructure Sub-Sectors) की सामंजस्यपूर्ण मूल सूची में शामिल किया गया है।
- वर्ष 2020 में सरकार ने बुनियादी ढाँचे के रूप में मान्यता प्राप्त क्षेत्रों की सूची में किफायती किराया आवास योजनाओं (Affordable Rental Housing Project) को शामिल किया था।

23.

उत्तर: B

व्याख्या:

- मलेरकोटला एक पूर्व रियासत है और पंजाब का एकमात्र मुस्लिम बहुल शहर है।
  - ऐतिहासिक रूप से मलेरकोटला की नींव 15वीं शताब्दी में सूफी संत शेख सदरूद्दीन सदर-ए-जहां ने रखी इन्हें हैदर शेख के नाम से भी जाना जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- मुगल साम्राज्य के पतन के बाद मलेरकोटला के शासकों ने अपनी स्वतंत्रता का प्रयोग किया और अफगानिस्तान के अहमद शाह अब्दाली के साथ गठबंधन कर लिया जब उसने भारत पर आक्रमण किया।
  - अहमद शाह अब्दाली ने वर्ष 1748-1767 तक भारत पर आठ बार आक्रमण किया।
- 19वीं शताब्दी में मलेरकोटला सीस-सतलज (cis-Sutlej) राज्यों में से एक बन गया।
- मलेरकोटला वर्ष 1947 तक (जब यह पूर्वी पंजाब में एकमात्र मुस्लिम बहुल सिख राज्य बन गया) ब्रिटिश संरक्षण और पड़ोसी सिख राज्यों के साथ गठबंधन के तहत अस्तित्व में रहा।
- वर्ष 1948 में रियासतों के विघटन के बाद मलेरकोटला पेप्सू या पटियाला और पूर्वी पंजाब राज्य संघ (PEPSU) के नए राज्य में शामिल हो गया। पेप्सू को वर्ष 1954 में ही भंग कर दिया गया तथा मलेरकोटला पंजाब का हिस्सा बन गया। **अतः कथन 2 सही है।**

24.

उत्तर: A

व्याख्या:

- नए ज़िले बनाने या मौजूदा ज़िलों की स्थिति बदलने या उन्हें समाप्त करने की शक्ति राज्य सरकारों में निहित है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - ऐसा या तो एक कार्यकारी आदेश के माध्यम से या राज्य विधानसभा में एक कानून पारित करके किया जा सकता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - अधिकांश राज्य केवल आधिकारिक राजपत्र में अधिसूचना जारी करके ज़िले संबंधी प्रावधानों में परिवर्तन करना पसंद करते हैं।
- ज़िलों के परिवर्तन या नए ज़िलों के निर्माण में केंद्र की कोई भूमिका नहीं है। राज्य इस संबंध में निर्णय लेने के लिये पूर्णतः स्वतंत्र हैं।
  - गृह मंत्रालय की भूमिका तब महत्त्वपूर्ण हो जाती है जब कोई राज्य किसी ज़िले या रेलवे स्टेशन का नाम बदलना चाहता है।
  - राज्य सरकार के अनुरोध को अन्य विभागों और एजेंसियों- जैसे पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, खुफिया विभाग, डाक विभाग, भारतीय भौगोलिक सर्वेक्षण विभाग, विज्ञान एवं रेल मंत्रालय को मंज़ूरी के लिये भेजा जाता है।
  - इन विभागों और मंत्रालयों द्वारा आवश्यक जाँच के बाद अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया जा सकता है।

25.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ई-वे बिल, जी.एस.टी. के तहत एक बिल प्रणाली है जो वस्तुओं के हस्तांतरण की स्थिति में जारी की जाती है। इसमें हस्तांतरित की जाने वाली वस्तुओं का विवरण तथा उस पर लगने वाले जी.एस.टी. की पूरी जानकारी होती है।
- इसे अप्रैल 2018 से 50,000 रुपए से अधिक मूल्य के माल के अंतर्राज्यीय परिवहन पर आरोपित करना अनिवार्य बना दिया गया है, जिसमें सोने जैसी कीमती वस्तुओं को छूट दी गई है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह माल का परिवहन जीएसटी कानून के अंतर्गत करने और इसकी आवाजाही को ट्रैक तथा कर चोरी की जाँच सुनिश्चित करने वाला एक उपकरण है।
- अधिसूचित ई-वे बिल नियमों के अनुसार प्रत्येक आपूर्तिकर्त्ता को माल की आवाजाही के लिये ई-वे बिल पोर्टल पर पूर्व ऑनलाइन पंजीकरण की आवश्यकता होती है।
  - कर अधिकारियों को कर चोरी की जाँच के लिये ट्रांजिट के दौरान किसी भी समय ई-वे बिल की जाँच करने का अधिकार है। **अतः कथन 2 सही है।**

26.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ओमान दक्षिण-पश्चिम में यमन, दक्षिण और पूर्व में अरब सागर, उत्तर में ओमान की खाड़ी, उत्तर-पश्चिम में संयुक्त अरब अमीरात और पश्चिम में सऊदी अरब से घिरा है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

- मुसंडम प्रायद्वीप जिसे स्थानीय रूप से रुस-अल-जिबल के नाम से जाना जाता है, एक प्रायद्वीप है जो अरब प्रायद्वीप के उत्तरपूर्वी बिंदु का निर्माण करता है। यह फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य के दक्षिण में स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - यह मुख्य रूप से ओमान द्वारा मसंदम राज्यपाल के रूप में संयुक्त अरब अमीरात द्वारा शासित कुछ हिस्सों के साथ शासित है, जिसमें रास अल खैमाह और डिब्बा के कुछ हिस्से शामिल हैं।

27.

उत्तर: A

व्याख्या:

- ट्रांसजेंडर व्यक्ति (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 के अनुसार, एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति वह होता है जिसका लिंग जन्म के समय निर्धारित लिंग से मेल नहीं खाता है। इसमें ट्रांसमेन और ट्रांस-महिला (Transmen and Trans-Women), इंटरसेक्स भिन्नता वाले व्यक्ति, लिंग-क्वीर (Gender-Queers) और सामाजिक-सांस्कृतिक पहचान वाले व्यक्ति जैसे- किन्नर और हिजड़ा शामिल हैं।
  - राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (National Legal Services Authority- NALSA) बनाम भारत संघ, 2014 में सर्वोच्च न्यायालय ने ट्रांसजेंडर लोगों को 'थर्ड जेंडर' घोषित किया था। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- यह अधिनियम माता-पिता और परिवार के सदस्यों के साथ निवास का अधिकार प्रदान करता है।
  - यह शिक्षा, रोज़गार और स्वास्थ्य सेवा आदि जैसे विभिन्न क्षेत्रों में एक ट्रांसजेंडर व्यक्ति के खिलाफ भेदभाव को रोकता है।
- यह अधिनियम ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिये एक राष्ट्रीय परिषद (National Council for Transgender persons- NCT) की स्थापना का प्रावधान करता है। यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत कार्य करता है। **अतः कथन 2 सही है।**

28.

उत्तर: B

व्याख्या:

- अंटार्कटिका में वेडेल सागर में स्थित रॉन आइस शेल्फ (Ronne Ice Shelf) के पश्चिमी हिस्से से एक विशाल हिमखंड/हिमशैल 'ए-76' (A-76) का खंडन हुआ है।
- इसका आकार लगभग 4320 वर्ग किमी है तथा यह वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा हिमखंड है। **अतः विकल्प B सही है।**
  - यह अब दूसरे स्थान पर मौजूद A-23A से आगे निकल गया है, जो आकार में लगभग 3,380 वर्ग किमी है और वेडेल सागर में तैर रहा है।
- हाल ही में कोपरनिकस सेंटिनल-1 मिशन द्वारा कैप्चर की गई उपग्रह छवियों में 'A-76' को देखा गया था।

29.

उत्तर: A

व्याख्या:

- NISD एक स्वायत्त निकाय है और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (National Capital Territory- NCT) दिल्ली सरकार के साथ 1860 के सोसायटी अधिनियम XXI (Societies Act XXI of 1860) के तहत पंजीकृत है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय (और महिला एवं बाल विकास मंत्रालय नहीं) का एक केंद्रीय सलाहकार निकाय है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - यह सामाजिक रक्षा के क्षेत्र में नोडल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान है।
- यह वर्तमान में नशीली दवाओं के दुरुपयोग की रोकथाम, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण, भिक्षावृत्ति रोकथाम, ट्रांसजेंडर और अन्य सामाजिक रक्षा मुद्दों के क्षेत्रों में मानव संसाधन विकास पर केंद्रित है।

नोट :

30.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारत और ओमान द्वारा अपनी तीनों सैन्य सेवाओं के बीच नियमित द्विवार्षिक द्विपक्षीय अभ्यास किया जाता है।
  - सेना अभ्यास: अल नजाह
  - वायु सेना अभ्यास: ईस्टर्न ब्रिज
  - नौसेना अभ्यास: नसीम-अल-बहर
- अभ्यास प्रबल दोस्तक भारत और कज़ाकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास है।
- भारतीय सेना और मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल अभ्यास एकुवेरिन आयोजित कर रहे हैं। **अतः विकल्प B सही है।**

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- कांचीपुरम अपनी आध्यात्मिकता, शांति और रेशम के लिये जाना जाता है।
  - यह वेगावती नदी (न कि कावेरी) के तट पर स्थित है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वेगावती नदी स्वर्णमुखी नदी की एक सहायक नदी है।
- इस ऐतिहासिक शहर में कभी 1,000 मंदिर थे, जिनमें से अब केवल 126 (108 शैव और 18 वैष्णव) ही शेष बचे हैं।
- इसे पल्लव राजवंश ने 6वीं और 7वीं शताब्दी के बीच अपनी राजधानी बनाया। ये मंदिर द्रविड़ (Dravidian) शैलियों का एक अच्छा उदाहरण है। **अतः कथन 2 सही।**
- कांचीपुरम के मंदिरों को पाँच अन्य भारतीय स्थानों के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थायी सूची (Tentative List) में शामिल किया गया है (इसे वर्ष 2011 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल के रूप में घोषित नहीं किया गया था)। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
  - यूनेस्को के संचालनात्मक दिशा-निर्देश (Operational Guidelines), 2019 के अनुसार किसी भी स्मारक/स्थल को विश्व विरासत स्थल (World Heritage Site) की सूची में अंतिम रूप से शामिल करने से पहले उसे एक वर्ष के लिये इसके अस्थायी सूची में रखना अनिवार्य है।
  - अन्य पाँच स्थानों में शामिल हैं; सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व (मध्य प्रदेश), वाराणसी के घाट (उत्तर प्रदेश), हायर बेनकल का महापाषाण स्थल (कर्नाटक), मराठा सैन्य वास्तुकला (महाराष्ट्र) और नर्मदा घाटी में भेड़ाघाट-लमेताघाट, जबलपुर (मध्य प्रदेश)।

32.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बिशनोई आंदोलन पश्चिमी थार रेगिस्तान और भारत के उत्तरी राज्यों में पाया जाने वाला एक धार्मिक संप्रदाय है। इसकी स्थापना गुरु महाराज जंबाजी ने 1485 ईस्वी में पश्चिमी राजस्थान के मारवाड़ (जोधपुर) रेगिस्तानी क्षेत्र में की थी। **अतः युग्म 1 सही सुमेलित है।**
  - यह प्रकृति उपासकों का एक अहिंसक समुदाय है। वनों की कटाई के खिलाफ 1700 ईस्वी के आसपास ऋषि सोम्बाजी द्वारा यह आंदोलन शुरू किया गया था। उसके बाद अमृता देवी ने आंदोलन को आगे बढ़ाया।
- चिपको आंदोलन वर्ष 1973 (तब उत्तर प्रदेश) में उत्तराखंड के चमोली ज़िले के गोपेश्वर से शुरू किया गया था। यह आंदोलन हिमालयी क्षेत्र (उत्तराखंड) में वृक्षों की अवैध कटाई को रोकने के लिये था। **अतः युग्म 3 सही सुमेलित है।**
  - सुंदरलाल बहुगुणा और चंडी प्रसाद भट्ट इस आंदोलन के नेता थे। इस आंदोलन की सबसे उल्लेखनीय विशेषता इसमें महिलाओं की भागीदारी थी।

**नोट :**

- अप्पिको आंदोलन वर्ष 1983 में शुरू किया गया था, चिपको आंदोलन की तर्ज पर, पांडुरंग हेगड़े ने एक आंदोलन शुरू किया जिसे कर्नाटक में अप्पिको आंदोलन के रूप में जाना जाने लगा। **अतः युग्म 2 सही सुमेलित नहीं है।**
  - इसका मुख्य उद्देश्य वनरोपण के साथ-साथ विकास, संरक्षण और वनों का सर्वोत्तम तरीके से उचित उपयोग करना था। "अप्पिको" का अर्थ एक वृक्ष को गले लगाकर उसके प्रति अपने स्नेह को व्यक्त करना है।
- जंगल बचाओ आंदोलन झारखंड (तत्कालीन बिहार) के सिंहभूम ज़िले के आदिवासी समुदाय द्वारा सरकार की वन नीति के खिलाफ वर्ष 1982 में शुरू किया गया था। **अतः युग्म 4 सही सुमेलित नहीं है।**
  - सरकार प्राकृतिक वनों को उच्च कीमत वाले सागौन से बदलना चाहती थी।

33.

उत्तर: B

व्याख्या:

- क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़, क्यासानूर फॉरेस्ट डिज़ीज़ वायरस (Kyasanur Forest disease Virus- KFDV) के कारण होता है, जो मुख्य रूप से मनुष्यों और बंदरों को प्रभावित करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - वर्ष 1957 में इस रोग की पहचान सबसे पहले कर्नाटक के क्यासानूर जंगल (Kyasanur Forest) के एक बीमार बंदर में की गई थी। तब से प्रतिवर्ष 400-500 लोगों के इस रोग से ग्रसित होने के मामले सामने आए हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - परिणामस्वरूप KFD पूरे पश्चिमी घाट में एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या के रूप में उभरी है।
- संचरण:
  - यह वायरस मुख्य रूप से हार्ड टिकस ( हेमाफिसालिस स्पिनिगेरा), बंदरों, कृन्तकों (Rodents) और पक्षियों में उपस्थित होता है।
  - मनुष्यों में, यह कुटकी/टिक नामक एक कीट के काटने से या संक्रमित जानवर (एक बीमार या हाल ही में मृत बंदर) के संपर्क में आने से फैलता है।
- लक्षण:
  - ठंड लगना, सिरदर्द, शरीर में दर्द, और 5 से 12 दिनों तक तेज़ बुखार का आना।

34.

उत्तर: B

व्याख्या:

- ब्रिक्स दुनिया की प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं- ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका के समूह के लिये एक संक्षिप्त शब्द (Abbreviation) है।
- वर्ष 2001 में ब्रिटिश अर्थशास्त्री जिम ओ' नील द्वारा ब्राज़ील, रूस, भारत और चीन की चार उभरती अर्थव्यवस्थाओं के वर्णन करने के लिये BRICS शब्द की चर्चा की।
  - वर्ष 2006 में ब्रिक (BRIC) विदेश मंत्रियों की प्रथम बैठक के दौरान समूह को एक नियमित अनौपचारिक रूप प्रदान किया।
  - दिसंबर 2010 में दक्षिण अफ्रीका (न की ब्राज़ील)को ब्रिक (BRIC) में शामिल होने के लिये आमंत्रित किया गया, जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने चीन में आयोजित तीसरे शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया और समूह ने संक्षिप्त रूप ब्रिक्स (BRICS) को अपनाया। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- ब्रिक्स कोई संगठन का रूप नहीं है, बल्कि यह पाँच देशों के सर्वोच्च नेताओं के बीच एक वार्षिक शिखर सम्मेलन है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ब्रिक्स शिखर सम्मलेन फोरम की अध्यक्षता प्रतिवर्ष B-R-I-C-S क्रमानुसार सदस्य देशों के बीच की जाती है।
- ब्रिक्स समझौतों से आर्थिक और व्यापारिक सहयोग, नवाचार सहयोग, सीमा शुल्क सहयोग, ब्रिक्स व्यापार परिषद, आकस्मिक रिज़र्व समझौते और न्यू डेवलपमेंट बैंक के बीच रणनीतिक सहयोग आदि सामने आए हैं।

नोट :

- न्यू डेवलपमेंट बैंक, जिसे पहले ब्रिक्स विकास बैंक के अनौपचारिक नाम से भी जाना जाता था, ब्रिक्स राज्यों द्वारा स्थापित एक बहुपक्षीय विकास बैंक है। **अतः कथन 3 सही है।**

35.

उत्तर: A

व्याख्या:

- पोषक तत्त्व-आधारित सब्सिडी (NBS) व्यवस्था तहत इन उर्वरकों में निहित पोषक तत्त्वों (N, P, K & S) के आधार पर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक प्रदान किये जाते हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
    - साथ ही जिन उर्वरकों को माध्यमिक और सूक्ष्म पोषक तत्त्वों जैसे मोलिब्डेनम (Molybdenum- Mo) और ज़स्ता के साथ मज़बूत किया जाता है, उन्हें अतिरिक्त सब्सिडी दी जाती है।
    - NBS नीति का इरादा P&K उर्वरकों की खपत में वृद्धि करना है ताकि NPK उर्वरक का इष्टतम संतुलन (N:P:K= 4:2:1) हासिल किया जा सके।
    - इससे मृदा के स्वास्थ्य में सुधार होगा और परिणामस्वरूप फसलों की उपज में वृद्धि होगी, जिसके परिणामस्वरूप किसानों की आय में वृद्धि होगी।
    - साथ ही सरकार को उर्वरकों के तर्कसंगत उपयोग की उम्मीद है, इससे उर्वरक सब्सिडी का बोझ भी कम होगा।
- इसे उर्वरक और रसायन मंत्रालय के उर्वरक विभाग द्वारा अप्रैल 2010 से क्रियान्वित किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

36.

उत्तर: B

व्याख्या:

- भारतीय प्रतिस्पर्द्धा आयोग एक सांविधिक निकाय है जो प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 के उद्देश्यों को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।
    - CCI की स्थापना प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 (कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत नहीं) के प्रावधानों के तहत की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- CCI की स्थापना केंद्र सरकार द्वारा 14 अक्तूबर, 2003 को की गई थी, लेकिन इसने 20 मई, 2009 से पूरी तरह से कार्य करना शुरू किया।
    - प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम के अनुसार, आयोग में एक अध्यक्ष और छह सदस्य होते हैं जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
- प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2007 को प्रतिस्पर्द्धा अधिनियम, 2002 में संशोधन के बाद अधिनियमित किया गया था, जिसके कारण CCI और प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय अधिकरण की स्थापना हुई।
    - सरकार ने 2017 में प्रतिस्पर्द्धा अपीलीय न्यायाधिकरण (COMPAT) को राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण (National Company Law Appellate Tribunal- NCLAT) में बदल दिया।
        - NCLAT का गठन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 410 के तहत किया गया है।

37.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हवाना सिंड्रोम एक रहस्यमय बीमारी है, वर्ष 2016 में पहली बार हवाना (क्यूबा) में तैनात अमेरिकी दूतावास में इस बीमारी का पता चला। **अतः कथन 1 सही है।**
    - वर्ष 2016 के उत्तरार्द्ध में हवाना (क्यूबा) में तैनात संयुक्त राज्य अमेरिका के कुछ राजनयिकों और उनके कर्मचारियों ने कुछ सामान्य लक्षणों की सूचना दी थी।
    - उन सभी ने कुछ अजीब सी आवाज़ें सुनने और अजीब शारीरिक संवेदनाओं का अनुभव करने के बाद इस बीमारी को महसूस किया।

नोट :

- इस बीमारी के लक्षणों में मिचली, तीव्र सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, नींद की समस्या आदि शामिल हैं।
  - उनमें से कुछ  लोग जो अत्यधिक प्रभावित हुए थे, उन्हें वेस्टिबुलर प्रसंस्करण (Vestibular Processing) और संज्ञानात्मक (Cognitive) समस्याओं जैसी चिरकालिक मुद्दों का सामना करना पड़ा।
- वर्ष 2020 में राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (National Academies of Sciences) की एक रिपोर्ट के अनुसार. अमेरिका ने निर्देशित माइक्रोवेव विकिरण (Directed Microwave Radiation) को हवाना सिंड्रोम' (Havana Syndrome) का संभावित कारण माना। **अत: कथन 2 सही है।**
  - राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित एक गैर-लाभकारी, सरकारी संगठन है जो सरकार को विज्ञान और प्रौद्योगिकी परियोजनाओं के संबंध में अपनी रिपोर्ट पेश करता है।

38.

उत्तर: C

व्याख्या:

- हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा 'भारत एनर्जी आउटलुक 2021' रिपोर्ट जारी की गई है, जो भारत की बढ़ती आबादी हेतु विश्वसनीय, सस्ती और टिकाऊ ऊर्जा सुनिश्चित करने के लक्ष्य के समक्ष मौजूद चुनौतियों के समाधान के साथ-साथ संभावनाओं पर ज़ोर देती है।
- भारत एनर्जी आउटलुक 2021 अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की विश्व ऊर्जा आउटलुक श्रृंखला की एक नई एवं विशेष रिपोर्ट है।
  - 'विश्व ऊर्जा आउटलुक रिपोर्ट' अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA) द्वारा प्रतिवर्ष जारी की जाती है। **अत: विकल्प ( C ) सही है।**

39.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सर्वोच्च न्यायालय ने वर्ष 2017 में के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ मामले में निजता के अधिकार को मौलिक अधिकार माना, जिसके बाद केंद्र सरकार ने डेटा संरक्षण के अनुशासन में कानून का प्रस्ताव करने के लिये न्यायमूर्ति बी. एन. श्रीकृष्ण समिति की नियुक्ति की थी। **अत: विकल्प ( D ) सही है।**
  - इस समिति ने व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक, 2018 के रूप में अपनी रिपोर्ट और मसौदा सरकार को सौंपा।
  - संसद ने वर्ष 2019 में फिर से संशोधित किया और नए बिल को व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक (Personal Data Protection Bill), 2019 नाम दिया है।
- भूरेलाल समिति मोटर वाहन कर में वृद्धि से संबंधित है।
- बिमल जालान समिति पूंजी बाज़ार अवसंरचना संस्थानों (MII) के कामकाज से संबंधित है।
- सी. रंगराजन समिति गरीबी के मापन के लिये कार्यप्रणाली की समीक्षा करने से संबंधित है

40.

उत्तर: C

व्याख्या:

- यह एक छोटी (2-3 सेंटीमीटर लंबी) मीठे पानी की मछली है जो उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाई जाती है।
  - जेब्राफिश दक्षिण एशिया के इंडो-गंगा के मैदानों में मूल रूप से पाई जाती है जहाँ ये ज़्यादातर धान के खेतों में और यहाँ तक कि स्थिर जल स्रोतों और नदियों में भी पाई जाती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- उन्हें IUCN की रेड लिस्ट में कम संकटग्रस्त प्रजाति के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
- मस्तिष्क, हृदय, आँख, रीढ़ की हड्डी सहित इसके लगभग सभी अंगों की पर्याप्त पुनर्जनन क्षमता के कारण उनका उपयोग कशेरुकीय विकास, आनुवंशिकी और अन्य बीमारियों का अध्ययन करने के लिये किया गया है।

**नोट :**

- ज़ेब्राफिश में मनुष्यों के समान आनुवंशिक संरचना (लगभग 70%) होती है।
- एक कशेरुकीय के रूप में जेब्राफिश में मनुष्यों के समान ही प्रमुख अंग और ऊतक होते हैं। उनकी मांसपेशियां, रक्त, गुर्दे और आँखें मानव प्रणालियों के साथ कई विशेषताएँ साझा करती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**

41.

उत्तर: A

व्याख्या:

- प्रोटेक्टेड प्लैनेट रिपोर्ट (Protected Planet Report) संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (United Nations Environment Programme- UNEP), विश्व संरक्षण निगरानी केंद्र (World Conservation Monitoring Centre) और प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ (International Union for the Conservation of Nature- IUCN) द्वारा नेशनल जियोग्राफिक सोसाइटी (एक वैश्विक गैर-लाभकारी संस्था) के समर्थन से जारी की जाती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे दो वर्ष में एक बार जारी किया जाता है जिसके अंतर्गत पूरे विश्व में आरक्षित और संरक्षित क्षेत्रों की स्थिति का आकलन किया जाता है।
  - संरक्षित क्षेत्रों के अलावा अन्य प्रभावी क्षेत्र-आधारित संरक्षण उपायों (Other Effective Area-based Conservation Measure- OECM) पर डेटा शामिल करने वाली श्रृंखला में यह रिपोर्ट पहली है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
    - OECM उन क्षेत्रों को कहा जाता है जो संरक्षित क्षेत्रों के बाहर इन-सीटू के अंतर्गत संरक्षण प्राप्त करते हैं।

42.

उत्तर: C

व्याख्या:

- बन्नी (Banni) गुजरात में कच्छ के रण के पास स्थित एशिया का सबसे बड़ा घास का मैदान है।
  - यह 2,618 किलोमीटर में फैला हुआ है, जिसके अंतर्गत गुजरात का लगभग 45% चरागाह क्षेत्र आता है।
- बन्नी में दो पारिस्थितिकी तंत्र (आर्द्रभूमि और घास के मैदान) एक साथ पाए जाते हैं।
  - बन्नी में कम उगने वाले पौधों (फोर्ब्स और ग्रामीनोइड्स) का प्रभुत्व है, जिनमें से कई हेलो फाइल (नमक सहिष्णु) हैं, साथ ही यहाँ पेड़ों और झाड़ियों का आवरण भी है।
- न्यायालय ने वर्ष 1955 में अधिसूचित किया कि घास का मैदान एक आरक्षित वन होगा (भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अनुसार वर्गीकृत सबसे प्रतिबंधित वन)।
  - राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने वर्ष 2019 में ने बन्नी घास के मैदान की सीमाओं का सीमांकन करने और गैर-वन गतिविधियों को प्रतिबंधित करने का आदेश दिया।
- इस घास के मैदान को भारतीय वन्यजीव संस्थान (Wildlife Institute of India- WII) ने भारत में चीता (Cheetah) के अंतिम शेष आवासों में से एक और इन प्रजातियों के लिये संभावित पुनरुत्पादन स्थल के रूप में पहचाना है।
- मालधारी (Maldhari) बन्नी में रहने वाला एक आदिवासी चरवाहा समुदाय है।
  - मालधारी का शाब्दिक अर्थ पशु भंडार (माल) का रखवाला (धारी) होता है।
- शोला (Shola) घास के मैदान कर्नाटक, केरल और तमिलनाडु राज्यों को कवर करते हैं।
  - सरमती (Saramati) घास के मैदान नगालैंड में स्थित हैं।
  - उखरूल (Ukhrul) घास के मैदान उत्तराखंड में स्थित हैं। **अतः विकल्प (C) सही है।**

नोट :

43.

उत्तर: B

व्याख्या:

- MCA 21 कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) का ऑनलाइन पोर्टल है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- MCA 21 भारत सरकार की मिशन मोड परियोजनाओं का हिस्सा रहा है।
- MCA 21 कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (MCA) का ऑनलाइन पोर्टल है जिसने कंपनी से संबंधित सभी जानकारियों को विभिन्न हितधारकों और आम जनता के लिये सुलभ बना दिया है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हाल ही में सरकार ने अपने डिजिटल कॉर्पोरेट अनुपालन पोर्टल, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय (Ministry of Corporate Affairs- MCA) 21 संस्करण 3.0 के नवीनतम अपडेट के पहले चरण की शुरुआत की।
    - यह भारत में व्यापार सुगमता सूचकांक (Ease Of Doing Business) को बेहतर बनाने में मदद करेगा। विश्व बैंक द्वारा जारी व्यापार सुगमता रिपोर्ट- 2020 में भारत 190 देशों में 63वें स्थान पर है।
    - MCA 21 संस्करण 3.0 बजट 2021 की घोषणा का हिस्सा है।

44.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (National Green Tribunal- NGT) पर्यावरण संरक्षण और वनों तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के प्रभावी एवं शीघ्र निपटान के लिये राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम (National Green Tribunal Act), 2010 के अंतर्गत स्थापित एक विशेष निकाय है।
    - NGT के लिये यह अनिवार्य है कि उसके पास आने वाले पर्यावरण संबंधी मुद्दों का निपटारा 6 महीनों के भीतर हो जाए। **अत: कथन 2 सही है।**
    - इसका मुख्यालय दिल्ली में है, जबकि अन्य चार क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल, पुणे, कोलकाता एवं चेन्नई में स्थित हैं।
- एक वैधानिक निकाय होने के कारण एनजीटी के पास अपीलीय क्षेत्राधिकार है और जिसके तहत वह सुनवाई कर सकता है। अत: कथन 1 सही नहीं है।

45.

उत्तर: C

व्याख्या:

- GI एक संकेतक है इसका उपयोग ऐसे उत्पादों के लिये किया जाता है, जिनका एक विशिष्ट भौगोलिक मूल क्षेत्र होता है।
- इसका उपयोग कृषि, प्राकृतिक और निर्मित वस्तुओं के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- भारत में वस्तु के भौगोलिक संकेत (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम [Geographical Indications of Goods (Registration and Protection) Act], 1999 वस्तुओं से संबंधित भौगोलिक संकेतों के पंजीकरण तथा बेहतर सुरक्षा प्रदान करने का प्रयास करता है।
- अधिनियम का संचालन महानियंत्रक पेटेंट, डिज़ाइन और ट्रेडमार्क द्वारा किया जाता है जो भौगोलिक संकेतकों का पंजीयक (Registrar) है।
    - भौगोलिक संकेत रजिस्ट्री का मुख्यालय चेन्नई (तमिलनाडु) में स्थित है।
- भौगोलिक संकेत का पंजीकरण 10 वर्षों की अवधि के लिये वैध होता है। समय-समय पर इसे 10-10 वर्षों की अतिरिक्त अवधि के लिये नवीनीकृत किया जा सकता है। **अत: कथन 2 सही है।**
    - यह विश्व व्यापार संगठन के बौद्धिक संपदा अधिकारों के व्यापार-संबंधी पहलुओं (Trade-Related Aspects of Intellectual Property Rights- TRIPS) का भी एक हिस्सा है। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

46.

उत्तर: C

व्याख्या

- पैथोजन एक जैविक एजेंट होता है जो बीमारी का कारण बनता है। जूनोटिक पैथोजन जानवरों और मनुष्यों के बीच स्वाभाविक रूप से संचरित पैथोजन को संदर्भित करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- पैथोजंस के प्रकार:
  - वायरस:
    - वायरस आनुवंशिक कोड के एक टुकड़े से बने होते हैं, जैसे- डीएनए या आरएनए और प्रोटीन के एक लेप द्वारा संरक्षित होते हैं। वायरस शरीर के भीतर मेज़बान कोशिकाओं पर आक्रमण करते हैं। फिर वे मेज़बान कोशिकाओं के घटकों का उपयोग पुनर्निर्माण और अधिक वायरस पैदा करने में करते हैं।
    - वायरस के कारण होने वाली बीमारियाँ: चिकनपॉक्स, फ्लू (इन्फ्लूएंज़ा), कोविड-19, ह्यूमन इम्युनोडेफिशिएंसी वायरस (HIVवी/एड्स), कंठमाला, खसरा और रूबेला।
  - बैक्टीरिया:
    - बैक्टीरिया एक कोशिका से बने सूक्ष्मजीव हैं। ये बहुत विविध हैं, इनके विभिन्न प्रकार के आकार और विशेषताएँ हैं तथा शरीर के अंदर और बाहर लगभग किसी भी वातावरण में रहने की क्षमता रखते हैं।
    - बैक्टीरिया से होने वाले रोगों के उदाहरण: हैजा, कुष्ठ रोग, क्षय रोग, प्लेग, सिफलिस, एंथ्रेक्स आदि। **अतः कथन 2 सही है।**
  - कवक:
    - कवक पर्यावरण में लगभग हर जगह पाया जाता है, जो कि घर के अंदर, बाहर और मानव त्वचा पर भी हो सकता है। अधिक होने पर ये संक्रमण का कारण बनते हैं।
    - फंगल संक्रमण के उदाहरण: म्यूकोर्मिकोसिस, सफेद कवक, पीला कवक।
  - परजीवी:
    - परजीवी ऐसे जीव हैं जो छोटे जानवरों की तरह व्यवहार करते हैं, ये एक मेज़बान में या उस पर आश्रित रहते हैं। परजीवी संक्रमण उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में अधिक आम है, हालाँकि वे कहीं भी हो सकते हैं।
    - परजीवी के कारण होने वाले रोग: मलेरिया, अफ्रीकी ट्रिपैनोसोमियासिस, बेबियोसिस, लीशमैनियासिस और टोक्सोप्लाज्मोसिस आदि
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) और स्विट्ज़रलैंड ने एक 'बायो हब' इनीशिएटिव शुरू किया है जो पैथोजंस को प्रयोगशालाओं के बीच साझा करने और उनके विरुद्ध "विश्लेषण और तैयारी" की सुविधा प्रदान करेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

47.

उत्तर: D

व्याख्या:

- केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (Central Bureau of Investigation- CBI) की स्थापना वर्ष 1963 में गृह मंत्रालय के एक प्रस्ताव द्वारा की गई थी। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - अब CBI कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग (Department of Personnel and Training- DoPT) के प्रशासनिक नियंत्रण में आता है।
- भ्रष्टाचार की रोकथाम पर संथानम समिति (1962-1964) द्वारा CBI की स्थापना की सिफारिश की गई थी।
  - CBI एक वैधानिक निकाय नहीं है। यह दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 से अपनी शक्तियाँ प्राप्त करता है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

48.

उत्तर: C

व्याख्या:

- लक्षद्वीप भारत का सबसे छोटा केंद्र शासित प्रदेश है, लक्षद्वीप एक द्वीपसमूह है जिसमें 32 वर्ग किमी. के क्षेत्रफल वाले 36 द्वीप हैं। यह 8 डिग्री उत्तरी अक्षांश से 12 उत्तरी अक्षांश के बीच फैला हुआ है।
  - यह एक प्रशासक के माध्यम से सीधे केंद्र के नियंत्रण में होता है।
  - लक्षद्वीप के अंतर्गत कुल तीन उप-द्वीप समूह शामिल हैं:
    - अमीनदीव द्वीप समूह
    - लेकाडाइव द्वीप समूह
    - मिनिकॉय द्वीप समूह
  - राजधानी कवारत्ती लक्षद्वीप की राजधानी यहाँ का सबसे प्रमुख शहर है।
  - अमीनदीव द्वीप समूह सबसे उत्तर में है, जबकि मिनिकॉय द्वीप समूह सबसे दक्षिण में है।
  - मिनिकॉय द्वीप लक्षद्वीप समूह के बीच सबसे बड़ा द्वीप है जो नौ डिग्री चैनल के दक्षिण में स्थित है। अत: कथन 1 सही नहीं है।
    - 8 डिग्री चैनल (8 डिग्री उत्तरी अक्षांश) मिनिकॉय और मालदीव के द्वीपों को अलग करता है
    - 9 डिग्री चैनल (9 डिग्री उत्तरी अक्षांश) मिनिकॉय द्वीप को मुख्य लक्षद्वीप द्वीपसमूह से अलग करता है।
- यहाँ के सभी छोटे द्वीप प्रवाल मूलक (एटोल) हैं और यह चारों तरफ से फ्रिंजिंग रीफ से घिरे हुए हैं। अत: कथन 2 सही है।
  - पिट्टी द्वीप में एक पक्षी अभयारण्य है। यह एक द्वीप निर्जन द्वीप है।
- हाल ही में भारत की भागीदारी गारंटी प्रणाली (PGS) के तहत संपूर्ण लक्षद्वीप को एक जैविक कृषि क्षेत्र घोषित किया गया है। अत: कथन 3 सही है।

49.

उत्तर: D

व्याख्या

- बौद्ध धर्म से संबंधित यूनेस्को के विरासत स्थल
  - नालंदा, बिहार में नालंदा महाविहार का पुरातात्त्विक स्थल
  - साँची, मध्य प्रदेश में बौद्ध स्मारक
  - बोधगया, बिहार में महाबोधि विहार परिसर
  - अजंता गुफाएँ, औरंगाबाद (महाराष्ट्र)
- खजुराहो स्मारक को वर्ष 1986 में यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल किया गया था और यह चंदेल वास्तुकला और मूर्तिकला का एक असाधारण नमूना है (यह बौद्ध स्थल नहीं)। **अत: विकल्प D सही है।**

50.

उत्तर. C

व्याख्या:

- चंद्रग्रहण (Lunar Eclipse) तब होता है,जब पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। इस दौरान सूर्य, पृथ्वी और चंद्रमा एक दूसरे की बिल्कुल सीध में होते हैं और यह घटना केवल पूर्णिमा के दिन ही घटित होती है।
- सर्वप्रथम चंद्रमा उपच्छाया (Penumbra)-पृथ्वी की छाया का वह हिस्सा जहाँ सूर्य से आने वाला संपूर्ण प्रकाश अवरुद्ध नहीं होता है, की ओर चला जाता है। चंद्रमा के भू-भाग का वह हिस्सा नियमित पूर्णिमा की तुलना में धुँधला दिखाई देगा। अत: कथन 1 सही नहीं है।

नोट :

- इसके बाद चंद्रमा पृथ्वी की कक्षा या प्रच्छाया (Umbra) में चला जाता है, जहाँ सूर्य से आने वाला प्रकाश पृथ्वी द्वारा पूरी तरह से अवरुद्ध हो जाता है। इसका अर्थ यह है कि पृथ्वी के वायुमंडल में चंद्रमा की डिस्क द्वारा परावर्तित एकमात्र प्रकाश किरण को पहले ही वापस ले लिया गया है या परिवर्तित किया जा चुका है। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

51.

उत्तर: B

व्याख्या:

- राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System- NPS) की शुरुआत केंद्र सरकार ने जनवरी 2004 में (सशस्त्र बलों को छोड़कर) की।
- एनपीएस को देश में पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority- PFRDA) द्वारा कार्यान्वित और विनियमित किया जा रहा है।
    - यह वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Service) के अंतर्गत काम करता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
    - पीएफआरडीए द्वारा स्थापित राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली ट्रस्ट (National Pension System Trust) एनपीएस के तहत आने वाली सभी संपत्तियों का पंजीकृत मालिक है।
- एनपीएस मई 2009 से भारत के सभी नागरिकों के लिये उपलब्ध है।
    - 18-65 वर्ष के आयु वर्ग में भारत का कोई भी नागरिक (निवासी और अनिवासी दोनों) एनपीएस में शामिल हो सकता है। **अतः कथन 2 सही है।**
    - लेकिन इसके अंतर्गत ओवरसीज़ सिटीज़न ऑफ इंडिया (Overseas Citizens of India) और भारतीय मूल के व्यक्ति (Person of Indian Origin) कार्डधारक तथा हिंदू अविभाजित परिवार (Hindu Undivided Family) खाते खोलने के लिये पात्र नहीं हैं।

52.

उत्तर: B

व्याख्या:

- हाल ही में विद्युत मंत्रालय (The Ministry of Power) ने कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों में बायोमास का उपयोग बढ़ाने के लिये एक राष्ट्रीय मिशन स्थापित करने का फैसला किया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- बायोमास पर प्रस्तावित राष्ट्रीय मिशन राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (NCAP) में भी योगदान देगा।
- यह देश में ऊर्जा संबंधी बदलाव और स्वच्छ ऊर्जा स्रोतों की ओर बढ़ने के हमारे लक्ष्यों में मदद करेगा।
- इस मिशन का लक्ष्य खेतों में पराली जलाने (stubble burning) से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या का समाधान करना। **अतः कथन 2 सही है।**
- यह ताप विद्युत उत्पादन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में मदद करेगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**

53.

उत्तर: C

व्याख्या:

- पेंशन निधि नियामक और विकास प्राधिकरण (Pension Fund Regulatory and Development Authority- PFRDA) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) के व्यवस्थित विकास को विनियमित करने, बढ़ावा देने और सुनिश्चित करने के लिये संसद के एक अधिनियम द्वारा स्थापित वैधानिक प्राधिकरण है।
    - यह वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवा विभाग (Department of Financial Service) के अंतर्गत काम करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

- यह विभिन्न मध्यवर्ती एजेंसियों जैसे- पेंशन फंड मैनेज़र (Pension Fund Manager), सेंट्रल रिकॉर्ड कीपिंग एजेंसी (Central Record Keeping Agency) आदि की नियुक्ति का कार्य करता है।
    - यह राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (National Pension System- NPS) के तहत पेंशन उद्योग को विकसित, बढ़ावा और नियंत्रित करता है तथा अटल पेंशन योजना (Atal Pension Yojana- APY) का प्रबंधन भी करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

54.

उत्तर: A

व्याख्या:

- वन गुज्जर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर जैसे हिमालयी राज्यों की तलहटी के जंगल में रहने वाले खानाबदोश समुदाय हैं। **अत: कथन 1 सही नही है।**
    - आमतौर पर वे अपनी भैंसों के साथ ऊपरी हिमालय में स्थित बुग्यालों (घास के मैदानों) में चले जाते हैं और केवल मानसून के अंत में तलहटी में अपनी अस्थायी झोपड़ियों (डेरों) में लौटते हैं।
    - वे परंपरागत रूप से भैंस पालन करते हैं। वे आजीविका के लिये भैंस के दूध पर निर्भर हैं, जिसकी उन्हें उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बाज़ारों में अच्छी कीमत मिलती है।
- वन गुज्जर गर्मियों में उत्तराखंड के तराई-भाबर और शिवालिक क्षेत्र से पश्चिमी हिमालय के ऊँचे बुग्याल और सर्दियों में इसके विपरीत मौसमी प्रवास करते हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

55.

उत्तर: C

व्याख्या

- भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (IRDAI)
    - मल्होत्रा समिति की रिपोर्ट की सिफारिशों के बाद, वर्ष 1999 में बीमा उद्योग को विनियमित करने और उसका विकास सुनिश्चित करने के लिये एक स्वायत्त निकाय के रूप में 'बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण' (IRDA) का गठन किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
    - अप्रैल 2000 में IRDA को एक सांविधिक निकाय के रूप में निगमित किया गया। **अत: कथन 1 सही है।**
    - IRDA के प्रमुख उद्देश्यों में बीमा बाज़ार की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उपभोक्ता की पसंद और कम प्रीमियम के माध्यम से ग्राहकों की संतुष्टि को बढ़ाने के साथ ही प्रतिस्पर्द्धा को बढ़ावा देना भी शामिल है।
    - इसका मुख्यालय हैदराबाद में स्थित है।

56.

उत्तर: C

व्याख्या

- करेंसी स्वैप अथवा मुद्रा विनिमय का आशय दो देशों के बीच पूर्व निर्धारित नियमों और शर्तों के साथ मुद्राओं के आदान-प्रदान हेतु किये गए समझौते या अनुबंध से है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इन विनिमय समझौतों में विनिमय दर या अन्य बाज़ार संबंधी जोखिमों का कोई खतरा नहीं रहता है, क्योंकि लेनदेन की शर्तें अग्रिम रूप से निर्धारित होती हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- हाल ही में बांग्लादेश ने अपनी अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिये श्रीलंका के साथ 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर की मुद्रा विनिमय सुविधा को मंज़ूरी दी है। **अत: कथन 3 सही है।**
    - वर्तमान संदर्भ में मुद्रा स्वैप को प्रभावी रूप से ऋण के रूप में देखा जा सकता है, जो बांग्लादेश द्वारा श्रीलंका को डॉलर के रूप में दिया जाएगा, साथ ही इसमें यह समझौता भी शामिल है कि ऋण और उसके साथ ब्याज का भुगतान श्रीलंकाई रुपए में किया जाएगा।

नोट :

57.

उत्तर: B

व्याख्या

- किसी देश के भुगतान संतुलन (BoP) को आमतौर पर एक वर्ष की विशिष्ट अवधि के दौरान शेष विश्व के साथ किसी देश के सभी आर्थिक लेनदेन के व्यवस्थित विवरण के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। BoP खाते तैयार करने के लिये एक देश और दुनिया के बाकी हिस्सों के बीच आर्थिक लेन-देन को चालू खाता, पूंजी खाता, वित्तीय खाता और त्रुटियाँ एवं चूक आदि में समूहीकृत किया जाता है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- भुगतान संतुलन के घटक
  - चालू खाता: यह दृश्य एवं अदृश्य वस्तुओं (वस्तुओं और सेवाओं) के निर्यात और आयात को दर्शाता है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - पूंजी खाता: यह एक देश के पूंजीगत व्यय और आय को दर्शाता है। यह एक अर्थव्यवस्था में निजी और सार्वजनिक निवेश दोनों के शुद्ध प्रवाह का सारांश देता है।
  - त्रुटि एवं चूक: कभी-कभी भुगतान संतुलन संतुलित नहीं होता है। इस असंतुलन को भुगतान संतुलन में त्रुटियों और चूक के रूप में दिखाया जाता है।

58.

उत्तर: B

व्याख्या:

- आयुष-64 'केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद' (CCRAS) द्वारा विकसित एक पॉली-हर्बल फॉर्मूलेशन है। **अतः कथन B सही है।**
- यह मानक देखभाल सहयोगी के रूप में स्पर्शोन्मुख, हल्के और मध्यम कोविड -19 संक्रमण के उपचार में उपयोगी है।
- इस दवा को पहली बार मलेरिया हेतु वर्ष 1980 में विकसित किया गया था और अब इसे कोविड -19 के लिये पुन: तैयार किया गया है।

59.

उत्तर: B

व्याख्या:

- बेगम सुल्तान जहाँ भोपाल की आखिरी बेगम थीं। उन्होंने वर्ष 1909 से 1926 तक शासन किया जिसके बाद उनका पुत्र उत्तराधिकारी बना।
  - वह भोपाल की चौथी बेगम (महिला शासक) थीं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
- वह एक परोपकारी, विपुल लेखिका, नारीवादी तथा महिला सशक्तीकरण का प्रतीक होने के साथ ही अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की प्रथम महिला चांसलर भी थीं।
  - उन्होंने नगर पालिका प्रणाली की स्थापना की, नगरपालिका चुनावों की शुरुआत की और अपने लिये एक किलेबंद शहर तथा एक महल का निर्माण करवाया।
  - किलेबंद शहर में उन्होंने सार्वजनिक स्वास्थ्य, स्वच्छता और जल की आपूर्ति में सुधार हेतु कदम उठाए तथा इस शहर के निवासियों के लिये व्यापक टीकाकरण अभियान लागू किया।
- उन्होंने 41 किताबें लिखीं तथा अंग्रेज़ी भाषा की कई पुस्तकों का उर्दू में अनुवाद किया।
  - उनके द्वारा लिखी गई दर्स-ए-हयात (Dars-e-Hayat) नामक पुस्तक में युवा लड़कियों की शिक्षा और पालन-पोषण के बारे में बताया गया है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - उन्होंने लेडी मिंटो नर्सिंग स्कूल (Lady Minto Nursing School) नाम से एक नर्सिंग स्कूल भी शुरू किया।
  - वह अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (AMU) की पहली महिला कुलाधिपति थीं।

नोट :

60.

उत्तर: A

व्याख्या:

- कृष्णमृग (Blackbuck) का वैज्ञानिक नाम 'Antilope Cervicapra' है, जिसे 'भारतीय मृग' (Indian Antelope) के नाम से भी जाना जाता है। यह भारत और नेपाल में मूल रूप से निवास करने वाली मृग की एक प्रजाति है। **अत: कथन 1 सही है।**
    - ये राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, ओडिशा और अन्य क्षेत्रों में (संपूर्ण प्रायद्वीपीय भारत में) व्यापक रूप से पाए जाते हैं।
- ये घास के मैदानों में सर्वाधिक पाए जाते हैं अर्थात् इसे घास के मैदान का प्रतीक माना जाता है।
    - इसे चीते के बाद दुनिया का दूसरा सबसे तेज़ दौड़ने वाला जानवर माना जाता है।.
- यह आंध्र प्रदेश, हरियाणा और पंजाब का राज्य पशु है। **अत: कथन 2 सही है।**
- सांस्कृतिक महत्त्व: यह हिंदू धर्म के लिये पवित्रता का प्रतीक है क्योंकि इसकी त्वचा और सींग को पवित्र अंग माना जाता है। बौद्ध धर्म के लिये यह सौभाग्य (Good Luck) का प्रतीक है।
- आईयूसीएन (IUCN) रेड लिस्ट में स्थान : कम चिंतनीय (Least Concern)। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**
    - वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I
    - CITES: परिशिष्ट-III

दृष्टि The Vision